# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–26 अगस्त 2024** **सान्ध्य समाचार**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आज योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा सहित पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मथुरा और वृन्दावन में देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन–पूजन करने पहुंचे हैं। समूचा ब्रज क्षेत्र जन्माष्टमी के उमंग से सराबोर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आज सुबह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन–पूजन कर प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कान्हा को पंचामृत स्नान कराया और भोग प्रसाद अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने पांच हजार वर्ष पूर्व धर्म के पथ का अनुसरण करने, सत्य और न्याय का संदेश दिया था। मुख्यमंत्री आज रात में गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में भी सम्मिलित होंगे।

**********

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर वाराणसी में प्राचीन विष्णु तीर्थ आदि केशव घाट पर आज भगवान आदि केशव की मूर्ति के सामने माखन–मिश्री का भोग लगाया गया। उधर, काशी विश्वनाथ धाम मंदिर में भी आज मध्य रात्रि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मथुरा में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा तथा पर्यटन विकास की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रद्धालु हों या मथुरा और वृन्दावन के स्थानीय निवासी, सरकार सबके लिये सुविधा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ब्रज क्षेत्र में कहीं भी सड़कें टूटी नहीं दिखनी चाहिए और परिक्रमा मार्ग पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने संवेदनशील और भीड़ वाली जगहों पर लगातार पुलिस चौकसी के भी निर्देश दिये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा में राष्ट्र वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। राष्ट्र तभी मजबूत होगा, जब हम एक होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार विरासत का संरक्षण करते हुए राष्ट्र वीरों को सम्मान दे रही है।

**********

बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन परिषदीय स्कूलों में संचालित किये जा रहे दस हजार छः सौ चौरासी को–लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में एजुकेटर रखे जायेंगे। प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों में संविदा के आधार पर होने वाली इस भर्ती के सम्बन्ध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। एजुकेटर के लिये वहीं पात्र होंगे, जिन्होंने यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा गृह विज्ञान मुख्य विषय के साथ न्यूनतम पचास प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। आरक्षित वर्ग को न्यूनतम अंकों में पांच प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

**********

प्रदेश की बिजली कम्पनियों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को इलाज के लिये कर्मचारी राज्य बीमा की सुविधा मिलेगी। बिजली कर्मचारी संगठनों के साथ वार्ता में बनी सहमति के आधार पर यूपी पावर कार्पोरेशन ने इस सम्बन्ध में मानक संचालन प्रक्रिया, एसओपी जारी कर दी है।

**********

चिकित्सा, शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग ने नीट यूजी दो हजार चौबीस काउंसिलिंग के तहत राज्य के मेडिकल कॉलेजों में स्टेट कोटे की पचासी प्रतिशत एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश के लिये आवेदक अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। प्रदेश में एमबीबीएस और बीडीएस की कुल बारह हजार एक सौ सीटों पर प्रवेश होने हैं। सीट आवंटन का परिणाम तीस अगस्त को जारी होगा।

**********

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में बीटेक की खाली सीटों को भरने के लिये तीन सितम्बर को स्पॉट काउंसिलिंग का आयोजन करेगा। स्पॉट काउंसिलिंग में शामिल होने के लिये अभ्यर्थियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आज से प्रारम्भ हो गया है। स्पॉट काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों सहित व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना पड़ेगा।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बोर्ड परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। जिन छात्रों ने दसवीं और बारहवीं परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिये फार्म नहीं भरा था, वे नयी समय–सारिणी के अनुसार इकतीस अगस्त तक सौ रूपये विलम्ब शुल्क के साथ जमा कर सकते हैं। इसके पहले यह तिथि सोलह अगस्त निर्धारित थी।

**********

इस्लाम धर्म के आखिरी नबी मोहम्मद साबह के नवासे इमाम हुसैन का चेहल्लुम आज गमगीन माहौल में मनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज जुलूस और मजलिसों के माध्यम से इमाम हुसैन के प्यार और बलिदान को याद किया गया।

**********

गोरखपुर के गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में आज तीन दिवसीय निःशुल्क लेजर सर्जरी शिविर का शुभारम्भ हुआ। पहले दिन ख्याति प्राप्त कैंसर सर्जन डॉक्टर संजय माहेश्वरी और डॉक्टर रेखा माहेश्वरी ने पैंसठ मरीजों को परामर्श दिया। शिविर में निःशुल्क इलाज की सुविधा अट्ठाइस अगस्त तक मिलेगी।

**********